**कायाकल्प** जिम्मेदार ठान ले तो कछपुरा थ्रू स्टेशन बन सकता है जंक्शन

# जंक्शन के रूप में विकसित हो पमरे का आखिरी रेलवे स्टेशन

**जबलपुर, नवभारत।** हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा जबलपुर गोंदिया डबल लाइन ट्रैक बिछाने को लेकर मंजूरी दे दी है। जिसके चलते अब समय आ गया है कि पश्चिम मध्य रेल के अंतिम स्टेशन कछपुरा को जंक्शन के रूप में विकसित किया जाए। मालूम हो कि जबलपुर स्टेशन पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या और सीमित जगह के कारण कई बार ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है। छह प्लेटफार्म होने के बावजूद भी जगह नहीं होने के कारण आउटर पर ट्रेनें खड़ी करनी पड़ती हैं। इससे ट्रेनों का शेडयूल प्रभावित हो जाता है। इस परेशानी को देखते हुए रेल प्रशासन को अब कछपुरा स्टेशन को एक जंक्शन के रूप में विकसित करना चाहिए। जो आगे चलकर दक्षिण भारत और महाराष्ट्र की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए राहत प्रदान करेगा। हाल ही में यहां एक नई लूप लाइन भी तैयार कर ली गई है।

### कैसे बनेगा जंक्शन पाइंट !

मालूम हो कि जबलपुर-गोंदिया डबलिंग परियोजना को स्वीकृति प्रदान हो गई है। यह परियोजना मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क को सुदृढ़ करने के साथ-साथ यात्री एवं माल परिवहन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। अभी इस ट्रैक पर लगभग 10 पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ साथ मालगाड़ियों का संचालन हो रहा है। आने वाले वर्षों में निश्चित ही ट्रैक डबल हो जाने से इसपर ट्रैफिक भी बढ़ेगा जो मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर में भी लोड बढ़ाएगा। जिसका उपाय साझा करते हुए नवभारत द्वारा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से नैनपुर की ओर से आ रही लाइन को कछपुरा के पहले बाइपास कर सीधा इटारसी छोर पर जोड़ा जा सकता है। जिसके चलते गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर से आने वाली ट्रेनों को जबलपुर स्टेशन पर रिवर्सल नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि सीधा कछपुरा स्टेशन पर हॉल्ट कर इटारसी के लिए प्रस्थान कर सकेंगी।

### परियोजना के प्रमुख बिंदु

- जबलपुर से गोंदिया के मध्य लगभग 231 किमी लंबा रेलखंड डबलिंग कार्य।
- परियोजना की अनुमानित लागत लगभग रू. 5,236 करोड़।
- सिंगल लाइन के कारण होने वाली क्रॉसिंग की समस्या कम होगी, जिससे ट्रेनों का समयपालन बेहतर होगा।
- यात्री एवं मालगाड़ियों की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी।
- परियोजना के अंतर्गत नए पुल, अतिरिक्त ट्रैक, आधुनिक सिग्नलिंग एवं स्टेशन यार्ड का उन्नयन किया जाएगा।

### कटनी के लिए सीधे निकलेगी ट्रेनें

अगर रेलवे बोर्ड इस सुझाव पर गहराई से विचार करे तो इससे

मुख्य स्टेशन के साथ मदनमहल स्टेशन में ट्रेनों का दबाव काफी हद तक कम किया जा सकेगा। इससे ट्रेनों का संचालन भी सुचारू रूप से करने में मदद मिलेगी। बता दें कि रोजाना 150 ट्रेनों का जबलपुर स्टेशन से आवागमन होता है। वही गोंदिया, नैनपुर से कटनी जाने वाली ट्रेनों को जबलपुर में हॉल्ट देकर आगे के लिए रवाना किया जा सकता है।

### लूप लाइन तैयार...

जानकारों के अनुसार रेल प्रशासन ने नई लूप लाइन का निर्माण भी कर दिया है। यह लूप लाइन करीब 1 किलोमीटर लंबी है। इसके निर्माण में करीब 7 करोड़ की राशि खर्च की गई थी। कछपुरा स्टेशन में निर्मित की गई नई लूप लाइन का रेलवे अतिरिक्त फोल्डिंग लाइन के रूप में भी उपयोग कर रहा है।

### जंक्शन बनने का कारण....

अभी मालगोदाम और थ्रू स्टेशन के नाम से प्रसिद्ध कछपुरा स्टेशन आने वाले वक्त में एक भव्य जंक्शन स्टेशन के रूप में विकसित हो सकता है। इस स्टेशन में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ शहर का इकलौता मालगोदाम भी संचालित किया जा सकता है। हालांकि कछपुरा में बने मालगोदाम को सगड़ा स्थित गढ़ा स्टेशन में स्थानांतरित करने का भी विचार किया जा रहा है। बता दे कि किसी भी रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने के लिए तीन से अधिक लाइनों का मिलना जरूरी है, जो कछपुरा में होता नजर आ रहा है। यहां इटारसी कटनी मेन लाइन होने के साथ साथ इसी स्टेशन से नैनपुर गोंदिया के लिए भी लाइन निकली है। बता दे कि कछपुरा स्टेशन में कोच वॉशिंग सेंटर तैयार किया जा रहा है। यहां ट्रेनों के कोच साफ सुथरे होकर धुलने के बाद स्टेशन पर पहुंच सकेंगे फिलहाल कोच वाशिंग की यह व्यवस्था केवल मुख्य रेलवे स्टेशन के कोचिंग यार्ड में है, जहां अधिक लोड रहता है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा जो विचार रखे गए हैं उसे संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाएगा। निश्चित ही कछपुरा स्टेशन के जंक्शन बन जाने से विकास की राह और भी मजबूत हो सकेगी।

**हर्षित श्रीवास्तव**
**सीपीआरओ, पश्चिम मध्य रेल**

# उपार्जन से जुड़े लोगों से सहायक आपूर्ति अधिकारी की निकटता!

**केंद्रों और गोदामों के चयन की पारदर्शिता पर उठे सवाल**

**नवभारत,जबलपुर।** उपार्जन कार्य से जुड़े कुछ व्यक्तियों के साथ सहायक आपूर्ति अधिकारी की कथित निकटता को लेकर पाटन क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं। आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन शुरू होने से पहले इस संबंध में जिला कलेक्टर के नाम शिकायत पहुंची हैं। शिकायत में बताया गया है कि वर्तमान में सहायक आपूर्ति अधिकारी राजधर साकेत को पाटन क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्षेत्र में जल्द ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ होना है, जो प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रक्रिया मानी जाती है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उपार्जन कार्य से जुड़े संदीप दुबे (जो विभिन्न स्व सहायता समूह के माध्यम से खरीदी कार्य में सक्रिय रहे हैं), के साथ उनकी निकटता की चर्चाएं क्षेत्र में हो रही हैं। ऐसे में खरीदी केंद्रों की स्थापना, गोदामों के निर्धारण और अन्य व्यवस्थाओं

के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

### उपार्जन कार्यों से रखा जाए अलग

मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की गई है कि सहायक आपूर्ति अधिकारी को पाटन क्षेत्र से हटाकर जिला मुख्यालय में संलग्न किया जाए और उन्हें गेहूं उपार्जन से जुड़े कार्यों से अलग रखा जाए, ताकि पूरी उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

### इनका कहना है

इस मामले में शिकायत प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**राघवेन्द्र सिंह**
**कलेक्टर**

# अवैध कब्जों को हटाकर यातायात किया जा रहा सुगम

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहर को व्यवस्थित, सुंदर और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को भी एक बड़ा अभियान चलाया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया और नागरिकों को बेहतर व्यवस्था का अनुभव कराया। आज की कार्रवाई में शहर के उन हिस्सों पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ यातायात का दबाव सबसे अधिक रहता है। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि घमापुर चौक और क्षेत्रीय बस स्टैंड क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से अतिक्रमण हटाया गया, साथ ही, रेत नाका से साउथ एवेन्यू मॉल तक की सड़क को साफ कर नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाया गया। इसी प्रकार छोटी लाइन फाटक क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई सब्जी बाजार को खाली कराया गया। इसके साथ ही छोटी लाइन से रामपुर चौक तक सड़कों के किनारे से अवरोधों को दूर किया गया। उन्होंने बताया कि शहर की पहचान गौरीघाट और जिलेहरीघाट की सीढ़ियों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाया गया, जिससे दर्शनार्थियों और पर्यटकों को अब घाटों पर चलने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल तिराहा से पुराने बस स्टैंड तक निगम की टीम ने मुनादी कराई गयी। कार्यवाही के समय अतिक्रमण टीम आदि उपस्थित रहे।

### इंटीरियर कंपनी को उपभोक्ता आयोग का नोटिस

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने इंटीरियर डिजाइन कंपनी व उसके मालिक सिद्धार्थ खरे को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। परिवादी निखिल भट्ट की ओर से अधिवक्ता कार्तिक जग्गी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि संबंधित इंटीरियर कंपनी ने पहले कम दर पर कार्य करने का अनुबंध किया, लेकिन बाद में अपने ही अनुबंध से पलटते हुए उससे इंकार कर दिया। अधिवक्ता के अनुसार कंपनी ने अनुचित व्यापार प्रथा अपनाते हुए परिवादी को भ्रमित किया और कार्य को लेकर लगातार टालमटोल करती रही। निर्धारित समयावधि में काम पूरा नहीं किया गया। इतना ही नहीं, कंपनी की ओर से परिवादी के फोन काल और संदेशों का जवाब देना भी बंद कर दिया गया।

# मैकेनिक के साथ मिलकर बदल देते थे चोरी के वाहनों के पार्ट्स

**अंतर्राज्यीय चोर समेत साथी गिरफ्तार, 15 लाख की 15 बाइकें जब्त**

**जबलपुर।** अंतरराज्यीय चोर गिरोह के शातिर चोर को माढ़ोताल पुलिस ने उसके मैकेनिक साथी समेत गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 15 बाइक जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये बताई जा रही है। शातिर चोर न केवल गाड़ियां चुराता था, बल्कि साथी मैकेनिक के साथ मिलकर उनका हुलिया और पार्ट्स बदलकर उन्हें बाजार में खपा देता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 लाख रुपये कीमत की 15 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।सीएसपी माढ़ोताल भगत सिंह गोठरिया ने बताया कि उमेश देव पाण्डेय ने माढ़ोताल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 मार्च को वे पत्नी सावित्रीदेवी का इलाज कराने अपोलो हॉस्पिटल गया था। बाइक एमपी 20 एनसी 3893 अस्पताल के गेट पर लॉक की थी, लेकिन जब दो घंटे बाद वापस आया तो बाइक नदारद थी। पुलिस टीम ने प्रकरण दर्ज कर तत्काल सीसीटीवी कैमरों की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पाटन बाईपास पर दबिश दी। पुलिस ने राकेश श्रीवास (48) को संदिग्ध हालत में दबोचा। सख्ती से पूछताछ करने पर राकेश ने राज उगल दिए।

### ग्राहकों की गाड़ियों में फिट कर देते थे पार्ट्स

टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि पूछताछ के दौरान राकेश ने बताया कि वह गाड़ियां चुराकर अपने साथी राजेश साहू (30) को देता था। राजेश एक शातिर मैकेनिक है, जो चोरी की गाड़ियों के पार्ट्स खोलकर उन्हें ग्राहकों की गाड़ियों में फिट कर देता था। इस तरह चोरी की बाइक का वजूद ही खत्म कर दिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पाटन बाईपास शौचालय के पीछे और ओरिया मटर मंडी के पास खाली प्लॉट से 7 बाइक जप्त की। राजेश साहू की दुकान से 2 गाड़ियां खुली हुई हालत में मिलीं जप्त की। जबकि अन्य स्थान से भी बाइकें बरामद की। कुल मिलाकर 15 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

### छत्तीसगढ़ तक फैले हैं तार

जांच में खुलासा हुआ कि बरामद वाहनों में से 2 माढ़ोताल, 2 लार्डगंज, और 1 ग्वारीघाट थाने के हैं। एक बाइक रायपुर छत्तीसगढ़ से भी चुराई गई थी। बाकी 9 वाहनों के इंजन और चेसिस नंबर के जरिए उनके मालिकों की तलाश की जा रही है। आरोपी राकेश श्रीवास के पूर्व से मारपीट के अपराध थाना माढ़ोताल एवं चोरी, वाहन चोरी के अपराध जिला दमोह मप्र एवं रायपुर छग में दर्ज हैं। आरोपी राजेश साहू का थाना विजयनगर में वाहन चोरी का मामला दर्ज है।

## एक नजर में

### एमपी स्टेट बार कोषाध्यक्ष ने 64 हजार 400 टीए-डीए राशि दान की

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के कोषाध्यक्ष व को-चेयरमैन मनीष तिवारी ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी टीए-डीए की राशि 64 हजार 400 रुपये गंभीर रूप से बीमार वकीलों के इलाज के लिए दान कर दी। सोमवार को दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में अधिवक्ता स्व. पीएस तिवारी स्मृति दिवस के आयोजन अवसर पर यह कदम उठाया गया। हाईकोर्ट के सिल्वर जुबली सभागार में हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जस्टिस श्री भट्टी ने कहा कि अपने पूर्वजों को याद करना अच्छा संस्कार है। इस सिलसिले में अधिवक्ता मनीष तिवारी का पुरुषार्थ प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में दिवंगत अधिवक्ताओं की याद में प्रतिवर्ष 14 मार्च को स्मृति दिवस मनाया जाएगा। दरअसल, जबलपुर के अधिवक्ता मनीष तिवारी 2015 से प्रतिवर्ष यह आयोजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष स्व. पीएस तिवारी की स्मृति में 85 युवा अधिवक्तों को विधि पुस्तकें भेंट की गईं। इससे पूर्व अधिवक्ता संघो को एम्बुलेंस, ई-रिक्शा, कम्प्यूटर लायब्रेरी, वाटर कूलर व अन्य अधिवक्ता हित से संबंधित सामग्री प्रदान की गई थी। कार्यक्रम में आरती तिवारी, आशीष तिवारी परिवार से उपस्थित थे। हाईकोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, सचिव पारितोष त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, सह सचिव योगेश सोनी, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह व स्मिता केहरी उपस्थित रहे।

### माल लदान में जबलपुर मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत जबलपुर रेल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान माल लदान एवं माल ढुलाई के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित करने वाला मंडल बनने का गौरव प्राप्त किया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय, सतत प्रयास एवं योजनाबद्ध कार्यप्रणाली अपनाते हुए रेल राजस्व में निरंतर वृद्धि की जा रही है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के 11 वे माह 01 से 28 फरवरी के दौरान जबलपुर रेल मंडल द्वारा कुल 3.86 मिलियन टन माल लदान किया गया, जिससे मंडल को 391.17 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड रेल राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, चालू वित्तीय वर्ष के दिनांक 1 अप्रैल से 28 फरवरी की अवधि में जबलपुर रेल मंडल द्वारा कुल 39.07 मिलियन टन माल लदान किया गया है।

### तरुण खटीक की हत्या पर समाज में भारी आक्रोश

**नवभारत, जबलपुर।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दौरान दलित युवक तरुण खटीक की निर्मम हत्या के विरोध में खटीक समाज ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। 360 गोत्रीय खटीक समाज के अध्यक्ष राजकुमार भोजक ने कहा कि यह घटना पूरे समाज को झकझोर कर रख गई है और कमजोर वर्गों में भय पैदा कर रही है। ज्ञापन में दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा, फांसी की सजा, पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। इस मौके पर रमेश पिपरा, मगनलाल पटारिया, शैलेन्द्र भोजक, खूबचंद तोमर, महेंद्र जांगड़े, करन भोजक, महेश रत्नाकर, हीरा राजू, संजय पटारिया, प्रेम घनघोरिया, कपिल भोजक, गुड्डा घनघोरिया, जीत जांगड़े, विकल किरार, रविंद्र तोमर, नीलेश महार, अंकित नायक, अतीश खटीक, सात्विक भोजक, अमन खटीक शामिल थे।

# खड़ी ऑटो में भड़की आग, मुकादमगंज इलाके में मची अफरा-तफरी

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के सबसे व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र मुकादम गंज में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे उस वक्त अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब वहां खड़े एक ऑटो में अचानक आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि देखते ही देखते ऑटो में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिस कारण ऑटो का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। लिहाजा आसपास के लोगों और व्यापारियों की सूझबूझ से ऑटो में भड़की आग पर काबू पा लिया गया। लोगों का कहना है कि अगर आग समय पर नहीं बुझाई जाती तो

किसी बड़ी दुर्घटना से बिल्कुल भी इंकार नहीं किया जा सकता था। क्योंकि मुकादमगंज बाजार में कई दुकान वाले अपनी-अपनी दुकानों में पटाखों का व्यापार भी 12 माह करते आए हैं। कयास लगाए जा रहे थे कि ऑटो में भड़की आग अगर दुकानों तक पहुंचती तो सोमवार को शहर में बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती। जानकारी के अनुसार ऑटो में कोई सवार नहीं था और वह सड़क किनारे खड़ी थी। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### जनरेटर बॉक्स में भड़क उठी आग

होमसाइंस कॉलेज के पास सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे बिजली के जनरेटर बॉक्स में भी शॉट सर्किट की वजह से आग भड़क उठी। जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया।

इस संबंध में फायर ब्रिगेड कर्मचारी मुख्तार खान ने बताया कि होमसाइंस कॉलेज के पास बिजली के जनरेटर बॉक्स में अचानक आग भड़क उठी थी जिसकी सूचना पर कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड के वाहन द्वारा आग पर काबू पा लिया गया।

# दिल्ली की चार सदस्यीय टीम ने परखी मेडिकल की सेंट्रल क्लीनिकल लैब

**एनएबीएल सर्टिफिकेशन के लिए किया गया निरीक्षण**

**नवभारत, जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज स्थित सेंट्रल क्लीनिकल लेबोरेटरी के एनएबीएल (नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज) सर्टिफिकेशन के लिए दिल्ली से आई चार सदस्यीय टीम ने गहन निरीक्षण किया। विदित हो कि मेडिकल कॉलेज के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब सेंट्रल लैब को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर परखने की प्रक्रिया शुरू हुई है। विशेषज्ञों की टीम में कोलकाता से पिनाकी सरकार, भुवनेश्वर से बिस्वजीत मोहंती, जयपुर से सुमित गुप्ता और समिता सूद शामिल रहे। इस दौरान टीम ने लैब के संचालन की बारीकियों पर ध्यान केंद्रित किया और लैब की वर्किंग को डिजीटल बनाने पर फोकस करने के साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर की सराहना की।

जानकारी के अनुसार टीम द्वारा मेडिकल कॉलेज की सेंट्रल क्लीनिकल लैब में मशीनों की गुणवत्ता, सैम्पल और केमिकल्स के रखरखाव के लिए जरूरी टेम्प्रेचर मेंटेनेंस, सैम्पल कलेक्शन के बिंदुओं को ध्यान में रखकर निरीक्षण किया। इस मौके पर टीम ने बायोकेमेस्ट्री, पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग का भी बारीकी से निरीक्षण किया। अगर लैब को एनएबीएल सर्टिफिकेशन मिलता है तो आम मरीजों को बड़ा लाभ होगा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, लैब डायरेक्टर डॉ. जयदेव सिंह, डॉ. राजेश महोबिया, डॉ. कुमकुम, डॉ. प्रतिभा, वीरेंद्र तिवारी ,गोपाल नेमा, प्रेमचंद मरावी, रिशी दुबे, अक्षय गुप्ता, योगेश भावरे, राबिया अंसारी, ब्रज किशोर, रश्मि वर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# घर से सैकड़ों पेटी में रखी 5499 लीटर अवैध शराब जब्त

**ग्राम गुबराकलां में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई मामला दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन और सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में ग्राम गुबराकलां में बड़ी छापेमार कार्रवाई की गई।

कंट्रोल रूम प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान गीताबाई दुबे के आवास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की गई। टीम ने यहां से 345 पेटी देशी मदिरा मसाला और 266 पेटी देशी मदिरा प्लेन जब्त की, जिसकी कुल मात्रा 5499 बल्क लीटर बताई गई है।

### मामला दर्ज, ये रहे उपस्थित

बरामद मदिरा के संबंध में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधन 2000) की धारा 34(1)(क) और 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक रविशंकर मरावी, शिल्पा स्वर्णकार और अंकित जैन सहित मुख्य आरक्षक रविंद्र कुरील, नरेंद्र उइके तथा आरक्षक हनुमान बर्मन, श्वेता सिंह, कमलेश करयाम और अभिषेक निरापुरे मौजूद रहे।

### किसान पर पल्लेदार ने किया हमला

**जबलपुर।** पाटन कृषि उपज मंडी में किसान पर पल्लेदार पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक अजमेर सिंह 47 वर्ष निवासी उड़ना करहैया पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है। सुबह लगभग 11-50 बजे वह आटो में 3 बोरी उड़द बेचने पाटन कृषि उपज आया था जहां पल्लेदार अरूण अहिरवार उड़द की बोरी उतारी जिसके 5 रूपये प्रति बोरी के हिसाब से 15 रूपये हो रहे थे, उसने अरूण से कहा कि आटो वाला खुल्ला पैसे लेने गया है फिर तुम्हें पैसे दूंगा, इसी बात पर अरूण अहिरवार करते हुये अकड़ी से हमलाकर चोट पहुंचा दी।

**कार्यवाही** भड़पुरा में आकस्मिक जांच के दौरान प्रशासन ने की कार्रवाई

# नदी तट के पास मिला 500 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में अवैध खनन और रेत के अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए शहपुरा तहसील के ग्राम भड़पुरा में करीब 500 घनमीटर बजरी (रेत) को नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर की गई, जिसमें राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने नर्मदा नदी घाट क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी और खनि अधिकारी ए.के. राय के नेतृत्व में गठित दल ने भड़पुरा गांव के नर्मदा नदी तट के

आसपास निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर करीब 500 घनमीटर बजरी का बेतरतीब ढंग से किया गया अवैध भंडारण पाया गया, जिससे अवैध खनन की आशंका जताई गई।

### पंचनामा बनाकर रेत को किया नष्ट

दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रशासनिक दल ने मौके पर पंचनामा तैयार किया। इसके बाद भंडारित रेत की कुछ मात्रा को पुन:



नदी में प्रवाहित कर दिया गया, जबकि शेष बजरीयुक्त रेत को मौके पर ही मटियामेट कर नष्ट कर दिया गया, ताकि इसका दोबारा अवैध विक्रय न किया जा सके। इस कार्रवाई के दौरान निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार राघवेंद्र पटेल, खनिज निगम के कनिष्ठ प्रबंधक जितेंद्र सिंह चंदेल, खनि निरीक्षक विवेकानंद यादव सहित राजस्व एवं खनिज विभाग का मैदानी अमला मौजूद रहा।

### दस्तावेज मांगने पर कोई नहीं आया सामने

निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद लोगों से रेत के मालिकाना हक से संबंधित साक्ष्य और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। हालांकि पर्याप्त समय दिए जाने के बाद भी किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा रेत के भंडारण से संबंधित वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

### युवक के हाथ से मोबाइल झपटकर भागा लुटेरा

**जबलपुर।** ओमती थाना क्षेत्र में एक शातिर लुटेरे ने सरेराह युवक के हाथ से मोबाइल झपट लिया और फरार हो गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दत्त रेसीडेंसी निवासी वैभव शर्मा (36) एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जब वे पैदल तैयबअली चौक की तरफ अपने मोबाइल पर बात करते हुए आ रहा था तभी क्राइस्ट चर्च स्कूल के गेट के पास पीछे से तेज रफ्तार में आए एक सिल्वर रंग के सुजुकी एक्सिस स्कूटर सवार ने उनके हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल छीनकर तैयबअली चौक की ओर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।